# संकट से मुझको निकाल लिया बाबा भजन लिरिक्स

ज्यादा को थोड़े में टाल दिया बाबा,
संकट से मुझको निकाल लिया बाबा,
डोल रही थी नैया संभाल लिया बाबा,
ज्यादा को थोड़े में टाल दिया बाबा।bd।

तर्ज – झिलमिल सितारों का।

---

भरोसे की तूने बाबा लाज बचा ली,
जान मेरी बाबा तूने आज बचा ली,
ऐसा ये तूने कमाल किया बाबा,
संकट से मुझको निकाल लिया बाबा।bd।

---

रंगने को काल आया अपने ही रंग में,
मैंने कहा जाऊँगा तो श्याम के ही संग में,
आकर के तूने निहाल किया बाबा,
संकट से मुझको निकाल लिया बाबा।bd।

---

लिखा है 'सचिन' को वैसा गम तो मिलेगा,
श्याम की किरपा से थोड़ा कम ही मिलेगा,
तुमसे ना कोई सवाल किया बाबा,
संकट से मुझको निकाल लिया बाबा।bd।

---

ज्यादा को थोड़े में टाल दिया बाबा,
संकट से मुझको निकाल लिया बाबा,
डोल रही थी नैया संभाल लिया बाबा,
ज्यादा को थोड़े में टाल दिया बाबा।bd।

**Singer – Arun Sharma (Bholu)**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com